सार-समाचार

## ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त

**सीकर** (निसं)। जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट मुकुल शर्मा ने आदेश जारी कर प्रदेश में हिन्दू समुदाय द्वारा गणेश चतुर्थी 27 अगस्त 2025, जलझूलनी एकादशी 3 सितम्बर 2025, अनन्त चतुर्दशी 6 सितम्बर 2025 एवं मुस्लिम समुदाय द्वारा ईद-ए-मिलाद, मिलाद-उन-नबी, बारावफात 5 सितम्बर 2025 पर्व मनाये जायेंगे। कानून व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सद्भाव बनाये रखने के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किये गये है। आदेशानुसार निखिल कुमार उपखण्ड मजिस्ट्रेट सीकर को सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र सीकर, राहुल कुमार मल्होत्रा उपखण्ड मजिस्ट्रेट घोद को सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र धोद, दमयंती कंवर उप खण्ड मजिस्ट्रेट फतेहपुर को सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र फतेहपुर, भारती फूलफकर उप खण्ड मजिस्ट्रेट रामगढ़ शेखावाटी को सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र रामगढ़ सेठान, मोहर सिंह मीणा उप खण्ड मजिस्ट्रेट लक्ष्मणगढ़ को सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र लक्ष्मणगढ़, भावेश धनवन्त उपखण्ड मजिस्ट्रेट नेछवा को सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र नेछवा, बृजेश कुमार उप खण्ड मजिस्ट्रेट रींगस को सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र रींगस, अर्चना बुगालिया उप खण्ड मजिस्ट्रेट खण्डेला को सम्पूर्ण उप खण्ड क्षेत्र खण्डेला,मोनिका सामोर उप खण्ड मजिस्ट्रेट दांतारामगढ़ को सम्पूर्ण उप खण्ड क्षेत्र दांतारामगढ़, राजवीर यादव उप खण्ड मजिस्ट्रेट नीमकाथाना को सम्पूर्ण उप खण्ड क्षेत्र नीमकाथाना, अनिल कुमार उप खण्ड मजिस्ट्रेट श्रीमाधोपुर को सम्पूर्ण उपखण्ड क्षेत्र श्रीमाधोपुर में ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि सहायक कलेक्टर प्रथम, द्वितीय सीकर, उपपंजीयक सीकर को आरक्षित मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया है। नियुक्त सभी मजिस्ट्रेट पुलिस प्रशासन से समन्वय बनाए रखते हुए अपने-अपने नियुक्ति क्षेत्र में कानून व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सद्भाव बनाये रखने के निमित समस्त समुचित प्रबन्ध करते हुए प्रत्येक घटनाक्रम से जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट को निरन्तर सूचित रखेंगे।

## अणुव्रत प्रतियोगिताओं के विजेता पुरस्कृत

**रतनगढ़** (निसं)। महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय पंडितपुर में अणुव्रत विश्व भारती समिति के तत्वावधान एवं अणुव्रत समिति रतनगढ के निर्देशन में अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट 2025 का आयोजन हुआ। अणुव्रत समिति अध्यक्ष कुलदीप कुमार व्यास ने अणुव्रत गीत संयममय जीवन हो के माध्यम से बच्चों को अणुव्रत समिति का ध्येय समझाया। व्यास ने कहा कि अणुव्रत छोटे छोटे नियमों से व्यक्ति को संयमित जीवन जीने हेतु प्रेरित करता है व उसे श्रेष्ठ व्यक्ति बनाता है। पूर्व अध्यक्ष तेजपाल गुर्जर ने अणुव्रत के विद्यार्थी एवं शिक्षक के लिए नियम बताए। जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा अध्यक्ष मोतीलाल तातेड ने अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट 2025 के संदर्भ में चल रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। समिति कोषाध्यक्ष राजकुमार बैद ने आभार प्रकट किया। संस्था प्रधान नरेंद्र सांकृत्य ने बताया कि संविधान की धार मर्यादाओं का हो आधार विषय पर आयोजित क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट 2025 में विद्यालय में निबंध, पोस्टर, आर्ट एंड क्राफ्ट कंपीटीशन यूजिंग प्लास्टिक एंड वेस्ट मेटेरियल का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के कुल 41 बच्चों ने भाग लिया। प्रतियोगिता प्रभारी वंदना शर्मा ने बताया कि निबंध में ध्रुव शर्मा, कृष्णा शर्मा और हिना, पोस्टर में लक्ष्मी राणा, संध्या रैगर तथा आलम, आर्ट एंड क्राफ्ट में हेमंत शर्मा, वैष्णवी सोनी और पूनम ने क्रमश: प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। मंचस्थ अतिथियों ने बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर रामचंद्र सैनी, अशोक कुमार गौड, अर्चना पोद्दार, राधेश्याम प्रजापत, सरोज, मीनाक्षी, संजय बुनकर, प्रवीण कुमार आदि उपस्थित थे।

## तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत 13 को

**सीकर** (निसं)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के निर्देशानुसार 13 सितम्बर 2025 (द्वितीय शनिवार) को वर्ष 2025 की तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सीकर जिला मुख्यालय एवं तालुका विधिक सेवा समितियों पर किया जायेगा। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीकर शालिनी गोयल ने बताया की राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर लंबित प्रकरणों का त्वरित सुगम एवं नि:शुल्क निस्तारण किया जाएगा। लोक अदालत में न केवल समय और धन की बचत होगी, बल्कि पक्षकारों को आपसी सहमति से स्थायी समाधान भी प्राप्त होगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक संबंधी मामले, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, विद्युत शुल्क विवाद, अम विवाद, वैवाहिक प्रकरण, भरण पोषण संबंधी मामले तथा दीवानी और फौजदारी से जुड़े राजीनामा योग्य प्रकरण रखे जाएंगे। साथ ही विगत 6 माह से अधिक अवधि के ट्रैफिक चालान, कैमरा चालान, इंटरसेप्टर चालान तथा अन्य प्रकार के मोटर वाहन अधिनियम से संबंधित प्रकरण भी शामिल किए जाएगे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सीकर समस्त विभागों, अधिवक्ताओं एवं आमजन से अपील करता है कि वे अधिक से अधिक मामलों को राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रस्तुत कर इसका लाभ उठाएँ।

## नाबालिग से दुष्कर्म व मारपीट का मामला दर्ज

**रतनगढ़** (निसं)। रतनगढ़ क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाला मामला सामने आया है। जहां 13 वर्षीय नाबालिग बालिका की बिहार से तस्करी कर उसके साथ रेप करने का आरोप लगा हैं। चाइल्ड हेल्प लाइन टीम ने रतनगढ़ बस स्टैंड से नाबालिग बालिका को रेस्क्यू किया है। नाबालिग ने चाइल्ड हेल्प लाइन द्वारा की गई काउंसलिंग में रतनगढ़ के एक युवक पर गम्भीर आरोप लगाए हैं। चाइल्ड हेल्प लाइन से मिली जानकारी के अनुसार रतनगढ़ का आरोपी युवक नाबालिग को करीब आठ महीने पहले बिहार से खरीदकर लाया था। इसके बाद जबरन शादी कर उसके साथ रेप किया। नाबालिग वर्तमान में तीन माह की गर्भवती मिली है। काउंसलिंग में सामने आया कि आरोपी युवक कई बार उसके साथ मारपीट करता था। विरोध करने पर 23 अगस्त की दोपहर लोहे की रॉड से भी उसे घायल कर दिया गया। रेस्क्यू के बाद चाइल्ड हेल्प लाइन टीम ने नाबालिग का मेडिकल करवाया। जिसके बाद अब उसे बाल कल्याण समिति के समक्ष पेश किया जाएगा। चाइल्ड हेल्प लाइन टीम ने इस सम्बंध में पुलिस के उच्चाधिकारियों को भी अवगत करवा दिया है। इस मामले में मानव तस्करी व बाल विवाह जैसे अपराधों पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े किए हैं।

## भाजपा एससी मोर्चा की बैठक आयोजित

**सीकर,** (निसं)। भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा एससी मोर्चा पदाधिकारियों की बैठक गुरूवार को हुई। जिलाध्यक्ष मनोज बाटड की अध्यक्षता में आयोजित संगठनात्मक बैठक में सेवा पखवाडा की पूर्व तैयारियों सहित अन्य संगठनात्मक कार्यों को लेकर चर्चा की गई। जिलाध्यक्ष मनोज बाटड ने कहा कि सेवा पखवाडा में प्रदेश नेतृत्व की ओर से मिले संगठनात्मक कार्यों को चरणबद्ध पूरे करने हैं। एससी मोर्चा के जिलाध्यक्ष महेश वर्मा ने पदाधिकारियों से कहा कि सेवा पखवाड़ा में एससी मोर्चा अग्रणी भूमिका में रहना चाहिए। संगठन के कार्यों को टीम भावना से पूरे करने हैं। इस दौरान जिला महामंत्री राजेश रोलन, जिला उपाध्यक्ष नेमीचंद कुमावत, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष महेश वर्मा, बाबूलाल हल्दुनिया, बेगाराम वर्मा, नंदकिशोर ढीकिया, पवन कुमार लूना, छोगाराम रेगर, हरेंद्र जेदिया, सुभाष रोलन, रविंद्र गहलोत, मुकेश नायक, ओमप्रकाश वाल्मीकि आदि मौजूद रहे।

## स्नेह मिलन एवं भामाशाह सम्मान समारोह 31 को

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर में जाट समाज सेवा संस्थान की ओर से वीर तेजा दशमी के उपलक्ष में 31 अगस्त को जाट समाज का स्नेह मिलन एवं भामाशाह सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया है। राजलदेसर जाट समाज के मंत्री नगर पालिका उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश ने बताया कि 31 अगस्त को जाट समाज का स्नेह मिलन समारोह एवं भामाशाह सम्मान का आयोजन होगा जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चूरू सांसद राहुल कस्वां, व रतनगढ़ विधायक पूसाराम गोदारा, रतनगढ़ प्रधान प्रतिनिधि इंद्राज खीचड, कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी ताराचंद पायल, जाट समाज के अध्यक्ष पूर्णमल लोमहरोड होंगे। आयोजन सुबह 10 बजे भेरूजी मंदिर के पास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

## भंडारा आयोजित

**झुंझुनूं,** (निसं)। सेठ श्री धर्मदास तुलस्यान चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा श्री गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर बुधवार को अपराह्न 5.30 बजे से विशाल भंडढारे का आयोजन गुप्त भक्तों के सौजन्य से किया गया। मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर डॉ. अरुण कुमार गर्ग द्वारा मां भगवती श्री राणीसती जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर भंडारे का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट की ओर से अतिथि डॉ. गर्ग का स्वागत शॉल, साफा एवं दुपट्टा ओढ़ाकर माल्यार्पण के साथ किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. डीएन तुलस्यान ने किया। विदित है कि विशाल भंडारे का आयोजन राणी सती रोड चूणा चौक से बगड की ओर से जाने वाली रोड पर लगाया गया। सेठ श्री धर्मदास तुलस्यान चैरिटेबल ट्रस्ट झुंझुनूं द्वारा संचालित तुलस्यान बंसल सेवा सदन से लगता हुआ है।

# शहीद इकबाल अली सुपुर्द ए खाक, गगनभेदी नारों के साथ जनाजा निकला

- लालपुर गांव के पहले शहीद है इकबाल अली
- हाथ में तिरंगा लिए 10 साल की बेटी माहिरा बोली- पापा का हमेशा मान रखूंगी

**झुंझुनूं,** (निसं)। लालपुर गांव में गुरूवार को गगनभेदी नारों व गमगीन माहौल में भारतीय सेना में हवलदार के पद पर कार्यरत जवान इकबाल अली को सुपुर्द ए खाक किया गया। इकबाल अली, अपने गांव के पहले शहीद है। जिन्होंने देश की रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है। इस मौके पर शहीद की 10 साल की बेटी माहिरा बानो को जब सेना के जवानों ने तिरंगा दिया। तो ना केवल उसने जय हिंद बोलते हुए सेल्यूट किया। बल्कि कहा कि वे अपने पिता का हमेशा मान करेगी।

इस दौरान जब जनाजा उठाया जा रहा था तो शहीद का भाई भी बेसुध हो गया। जिसे गांव के युवा अस्पताल ले गए बताए। जानकारी के अनुसार 42 वर्षीय हवलदार इकबाल अली 21 ग्रेनेडियर्स में जम्मू कश्मीर के कुपवाड़ा में तैनात थे। दो दिन पहले 26 अगस्त को आपरेशन रक्षक के दौरान उन्होंने अपनी शहादत दी। इकबाल अली की पार्थिव देह बुधवार रात को बगड़ थाने पहुंची। जहां से सेना के फूलों से सजे ट्रक के जरिए जिला मुख्यालय के अग्रसेन सर्किल पहुंची। यहां से हजारों की संख्या में युवा हाथों में तिरंगा लिए तिरंगा रैली में शामिल हुए। करीब 15 किलोमीटर लंबी तिरंगा रैली दो घंटे में लालपुर गांव पहुंची।

बीच रास्ते में जगह जगह झुंझुनूं के इस लाडले के अंतिम दर्शन के लिए ग्रामीण और बच्चे सड़क के दोनों ओर खड़े थे। फूलों की बारिश कर लाडले को अंतिम विदाई दी। पार्थिव देह जब घर पहुंची तो घर में परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। लेकिन इसके साथ-साथ ही ग्रामीण और युवाओं ने इकबाल अली अमर रहे, जब तक सूरज चांद रहेगा, इकबाल अली का नाम रहेगा जैसे नारे भी लगाकर शौर्यता को सलाम किया।

इकबाल अली की पत्नी नसीम बानो तथा बेटी माहिरा समेत अन्य सदस्यों ने अंतिम दर्शन किए। इसके बाद गांव में जनाजा निकाला गया। जनाजे में वक्फ बोर्ड के चेयरमैन डॉ. खानू खां बुधवाली, मदरसा बोर्ड के चेयरमैन एमडी चोपदार, सांसद बृजेंद्र ओला, झुंझुनूं विधायक राजेंद्र भांबू, फतेहपुर विधायक हाकम अली, पिलानी विधायक पितराम काला, उदयपुरवाटी विधायक भगवानाराम सैनी, जिला कलेक्टर डॉ. अरूण गर्ग, एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय, कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सुंडा समेत हजारों की संख्या में ग्रामीण और युवा शामिल हुए। सभी ने पार्थिव देह पर पुष्प चक्र और पुष्पमालाएं चढाकर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इसके बाद दुआए मगफिरत के बाद इकबाल अली को सुपुर्द ए खाक किया गया। जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने परिवार को ढांढस बंधाते हुए परिजनों को निर्धारित पैकेज समय पर दिलवाने तथा परिवार के हर सुख-दुख में साथ खडे होने का वादा किया।

आपको बता दें कि शहीद इकबाल अली 15 जनवरी 2003 को भारतीय सेना में भर्ती हुए थे। वे 21 ग्रेनेडियर यूनिट में हवलदार के पद पर सेवाएं दे रहे थे। शहीद के परिवार में उनकी मां, पत्नी नसीम बानो, 10 साल की बेटी माहिरा और दो भाई हैं। शहीद की शादी करीब 16 साल पहले हुई थी। इकबाल खान के पिता यासीन खान भी भारतीय सेना में हवलदार पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। उनके दादा अफजल खान भी सेना में रहे थे। इकबाल अली पिछले दिनों ही छुट्टी पूरी करके वापिस ड्यूटी पर लौटे थे। वे करीब 10 हजार फीट की ऊंचाई पर कठिन परिस्थितियों में ड्यूटी कर रहे थे। आपरेशन रक्षक के दौरान दो दिन पहले 26 अगस्त की सुबह इकबाल अली गश्त पर अपनी टीम के साथ एक चौकी से दूसरी चौकी की ओर बढ़ रहे थे। अचानक उन्हें सीने में तेज दर्द हुआ। तुरंत डॉक्टर को बुलाने के प्रयास किए गए। इससे पहले ही वे शहादत को प्राप्त हो गए।

## शक्ति दिवस मनाया

**सीकर,** (निसं)। अनीमिया मुक्त राजस्थान अभियान के तहत मंगलवार को शक्ति दिवस मनाया गया। बच्चों, किशोर किशोरियों, गर्भवती, धात्री व अन्य लोगों की स्वास्थ्य कर्मियों ने शरीर में खून की मात्रा की जांच की गई और खून बढ़ने दवा दी गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया ने बताया कि जिले चिकित्सा संस्थानों, आंगनबाड़ी केंद्रों व शिक्षण संस्थाओं पर स्वास्थ्य कर्मियों ने बच्चों, किशोर किशोरियों, गर्भवती व धात्री महिलाओं की स्क्रीनिंग की और शरीर में खून की कमी नहीं हो, इसके लिए आयरन फोलिक एसिड की गोली तथा बच्चों को सीरप पिलाई गई। प्रत्येक मंगलवार को जिले के आंगनबाडी केंद्रों, राजकीय विद्यालयों, उप स्वास्थ्य केंद्रों, सीएचसी, पीएचसी, उप जिला अस्पताल, जिला अस्पताल, शिक्षण संस्थाओं में शक्ति दिवस मनाया जाता है।

अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ हर्षल चौधरी ने बताया कि 6 माह से 59 माह तक के बच्चों, पांच से नौ वर्ष तक के विद्यालय नहीं जाने वाले बच्चों, 10 से 19 साल तक की विद्यालय नहीं जाने वाली सभी किशोरी बालिकाओं तथा 20 से 24 साल की विवाहित महिलाओं, गर्भवती व धात्री माताओं को आंगनबाडी केंद्र पर आशा सहयोगिनी द्वारा लक्षण के आधार पर जांच की गई।

# राजलदेसर में कामगार समाज कार्यालय का शुभारंभ

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर में बुधवार देर रात्रि को कामगार समाज कार्यालय का उद्घाटन विधि विधान से रेलवे स्टेशन रोड पर स्थित प्रजापति भवन में किया गया।

राजलदेसर कामगार समाज के नवनियुक्त अध्यक्ष जयचंद महावर का राजलदेसर कामगार समाज ने गर्मजोशी के साथ साफा माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर उपस्थित कामगार समाज के शंकर लाल खडोलिया, लालचंद प्रजापत, नेता प्रतिपक्ष दीनदयाल स्वामी, मोहनलाल महावर, पार्षद पवन प्रजापत, रतनलाल बारूपाल, सुरेंद्र टाक, पवन मारू ठेकेदार, लालाराम कुचेरिया, भगवानाराम कुचेरिया, कालूराम तंवर, ख्यालीराम रेगर, संतोष सुथार , किशन मारू, इंद्रपाल प्रजापत, गोविंद सिंह कठौड, मांगीलाल प्रजापत, हनुमानमल कांकरिवाल, श्रवण सैनी, शिवभगवान सोनी, रोहित प्रजापत, बिड़दीचंद प्रजापत, गोपी चंद सोनी, नवरत्न सिकलीगर, कुंदन माली, राजेश नाई , अजीत सुथार, भगाराम प्रजापत , गोपाल सैनी, धीरज खडोलिया ,गुलाब खडोलिया , गिरधारी लाल सैनी , प्रकाश आचार्य, पवन तंवर , भवानी सैनी मंत्री, विशाल प्रजापत सहित अन्य कामगार समाज के लोगों ने नवनियुक्त अध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि 31 अगस्त को रतनगढ़ नेहरू स्टेडियम में होने वाले सामाजिक चिंतन शिविर एवं प्रतिभा सम्मान मेला को रतनगढ़ के इतिहास में भव्य बनाना है इसको लेकर हम सबको डोर टू डोर संपर्क करना होगा। कहा कि समय बहुत ही कम है राजलदेसर से हजारों की संख्या में कामगार समाज के लोग रतनगढ़ जाए इसको लेकर हमें दिन रात घर घर जाकर निमंत्रण देना होगा।

रतनगढ़ में 31 तारीख को पहुंचने वाले सभी कामगार समाज के लोगों के लिए नाश्ता भोजन वाहन की व्यवस्था नि:शुल्क रहेंगी। इसी प्रकार से गुरुवार को सुबह एसी समाज के लोगों ने भी नवनियुक्त अध्यक्ष का साफा माला पहना कर स्वागत किया। इस मौके पर जेगणिया सरपंच देवीलाल मेघवाल, कालूराम तंवर , रतनलाल बारुपाल ने कहा कि एसी समाज के लोगों में काफी उत्साह है कार्यक्रम को लेकर निश्चित तौर पर कार्यक्रम ऐतिहासिक भव्य होगा। यह कार्यक्रम कोई राजनीति नहीं है इसमें कामगार समाज के सभी लोग उपस्थित होंगे बिना राजनीति के कामगार समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित भी किया जाएगा। यह समय बहुत महत्वपूर्ण है इस कार्यक्रम में हमको चूकना नहीं चाहिए। इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष जयचंद महावर ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो मेरे को जिम्मेदारी दी है उसे में पूरी निष्ठा मेहनत से निभाने की कोशिश करूंगा आप सभी का सहयोग मेरे को चाहिए ताकि इस कार्यक्रम को भव्य बनाया जा सके राजलदेसर से हजारों की संख्या में लोग वहां पर अपनी उपस्थिति दर्ज करावें हम सब डोर टू डोर पीले चावल देकर कार्यक्रम में आने का निमंत्रण देंगे। राजलदेसर कामगार समाज हर दृष्टिकोण से आगे हैं इस कार्यक्रम में भी हम सबको आगे रहना है। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में कामगार समाज के व्यक्ति मौजूद रहे।

# गणपति के जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकाली

**लक्ष्मणगढ़ शेखावाटी** (निसं)। भगवान गणपति के जन्मोत्सव पर बुधवार को लक्ष्मनगढ में विशाल व भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का श्रद्धालु भक्तों ने जगह जगह आरती कर पुष्प वर्षा से स्वागत किया। शोभायात्रा में महिला कलश यात्रा, भजन मंडली, झांकी, ऊंट, घोड़े, कच्छी घोडी, बैंड बाजा शोभायात्रा में आकर्षण के केन्द्र रहे।

वहीं शोभायात्रा के दौरान भगवान इंद्र ने स्वागत कर वर्षा करके किया तो वर्षांत में श्रद्धा के साथ जमकर झूमे श्रद्धालु भक्त। गणेश जन्मोत्सव समिति की ओर से सर्व सिद्धि विनायक मंदिर में 17 अगस्त से आयोजित 11 दिवसीय जन्मोत्सव कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन भगवान गणपति का भव्य व अलौकिक दरबार सजाया गया तथा भजन कीर्तन का विशाल आयोजन किया गया। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिला कलश, विभिन्न शिक्षण संस्थाओं की मनमोहक व आकर्षक झांकियां, भजन मंडली, ऊंट, घोड़े, कच्छी घोडी व प्रबुद्ध जन साथ थे। शोभायात्रा में पूर्व चेयरमैन दिनेश जोशी, हरिप्रसाद पुजारी, पालिका उपाध्यक्ष बनवारी पांडे, वरिष्ठ पार्षद पवन बूटोलिया, एडवोकेट ललित पुरोहित, मधुसूदन दायमा, विष्णु शर्मा, जगदीश सैनी, जयप्रकाश सरावगी, व्यवसायी सुशील जाजोदिया, रामस्वरूप सोमानी, राजेश सराफ, हरीश सराफ, मुकेश सराफ, प्रमोद मंगलूणेवाला, दीपक जाजोदिया, विनोद बनाईवाला, अनिल मिश्रा, ललित भूत, रघुवीर पारीक, मनोज मिश्रा, पवन निर्मल श्रीराम शर्मा, पंचायत समिति सदस्य अमृत ख्यालिया सहित बडी संख्या में श्रद्धालु शामिल थे। शोभायात्रा में शामिल हुई करीब डेढ़ दर्जन झांकियों में निर्णायक मंडल ने श्री रघुनाथ बालिका विद्यालय की शिव परिवार की झांकी को सर्वश्रेष्ठ घोषित करते हुए प्रथम स्थान के लिए चुना गया जबकि दूसरे स्थान पर पर तीन व तीसरे स्थान के लिए दो शिक्षण संस्थाओं की झांकियां संयुक्त रुप से स्थान पाने में कामयाब रही।

# प्रतिभा सम्मान मेला एवं सामाजिक चिंतन शिविर 31 को

**रतनगढ़** (निसं)हम कामगार समाज एवं अनुसूचित जाति जनजाति समाज रतनगढ़ द्वारा आयोजित होने वाले प्रतिभा सम्मान मेला एवं सामाजिक चिंतन शिविर की तैयारी हेतु गुरुवार को प्रजापति भवन में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

आयोजित प्रेस वार्ता में हम कामगार समाज अध्यक्ष हरिप्रसाद हर्षवाल ने बताया कि हम कामगार समाज एवं अनुसूचित जाति जनजाति समाज रतनगढ़ का भव्य प्रतिभा सम्मान मेला एवं सामाजिक चिंतन शिविर का आयोजन आगामी 31 अगस्त रविवार प्रातः 9 बजे से राजकीय नेहरु स्टेडियम लिंक रोड रतनगढ़ में आयोजित किया जा रहा है जिसमें हम कामगार समाज एवं अनुसूचित जाति जनजाति समाज की प्रतिभाओं का सम्मान किया जाएगा।

अध्यक्ष हर्षवाल ने हर सवाल ने बताया कि कक्षा दसवीं, बाहरवी, स्नातक, स्नातकोत्तर एवं अन्य प्रोफेशनल कोर्स में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले एवं सरकारी सेवा में चयनित तथा खेलकूद, कला, संस्कृति, साहित्य एवं समाजसेवा में विशेष योग्यता एवं योगदान करने वाले नव नियुक्त चयनित जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया जाएगा। सामाजिक चिंतन शिविर एवं प्रतिभा सम्मान मेला 2025 के अध्यक्ष हरिप्रसाद हर्षवाल ने बताया कि गत एक माह से गांव-गांव, शहर के सभी वार्डों में जनसंपर्क कर सभाएं की जा रही है। आगामी 31 अगस्त को ज्यादा से ज्यादा संख्या में कामगार समाज एवं अनुसूचित जाति जनजाति समाज के महानुभावों को भारी संख्या में नेहरू स्टेडियम में पहुंचने की अपील की जा रही है।

कार्यक्रम में आने वाले जन समुदाय के लिए चाय नाश्ता, लंच व निशुल्क वाहन की व्यवस्था उपलब्ध करवाई गई है। अध्यक्ष हर्षवाल ने यह भी बताया कि समारोह में लगभग 1300 शैक्षिक प्रतिभाओं एवं 300 से अधिक अन्य क्षेत्रों में प्रतिभा दिखाने वालों को समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

# योजनाओं की प्रगति और सम्पर्क पोर्टल प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के निर्देश

- जिला कलेक्टर ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली

**सीकर,** (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में राज्य और केंद्र सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं, जनसुनवाई प्रकरणों एवं विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

जिला कलेक्टर शर्मा ने राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर लंबित 2091 प्रकरणों में से 151 प्रकरण 30 दिन से अधिक समय से लंबित होने पर नाराजगी जताते हुए सभी अधिकारियों को ऐसे प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संतुष्टि स्तर बढ़ाने के लिए शिकायतकर्ताओं से संवाद कर फीडबैक लेने की बात कही।

राजकाज पोर्टल पर ई-फाइल के औसत निस्तारण समय को कम करने, ई-डाक का त्वरित निस्तारण एवं फाइल मूवमेंट को बढ़ावा देने के निर्देश भी दिए गए।

जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन सत्यापन को शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने, वर्षा से प्रभावित क्षेत्रों में जल भराव की समस्या का समाधान करने एवं क्षितग्रस्त सड़कों की मरम्मत कार्य प्राथमिकता से करवाने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री बजट घोषणाओं से संबंधित कार्यों की समीक्षा करते हुए वर्ष 2024-25 के 4 एवं 2025-26 के 15 प्रगतिरत कार्यों की स्थिति पोर्टल पर अपडेट करने के जिला कलेक्टर ने निर्देशित किया। उन्होंने चिकित्सा विभाग को मौसमी बीमारियों की रोकथाम, एन्टी-लार्वा गतिविधियों के संचालन, विकलांगता प्रमाण पत्र जारी करने और टीबी उन्मूलन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर शर्मा ने कहा कि ऊर्जा विभाग को प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के प्रचार-प्रसार पर बल देते हुए लक्ष्य अनुरूप आवेदन सुनिश्चित कराने, ढीले विद्युत तारों को दुरुस्त करने तथा सड़क के बीच आ रहे खंभों को हटाने की कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए।

नगर परिषद एवं जलदाय विभाग को रींगस, खाटू, लोसल और दांता में परियोजनाओं हेतु भूमि आवंटन प्रस्ताव शीघ्र भेजने एवं पाइप लाइनों की लीकेज को तत्काल ठीक करने के निर्देश दिए गए।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार ने शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि वर्षा के दौरान विद्यालयों में सुरक्षा उपायों को सख्ती से लागू किया जाए, जर्जर भवनों या कक्षा-कक्षों में बच्चों को नहीं बैठाया जाए।

उन्होंने पशुपालन विभाग को पशु मंगला बीमा योजना में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने, गौशालाओं में साफ-सफाई एवं स्वास्थ्य प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर भावना शर्मा ने लाईट्स पोर्टल प्रकरणों में जिन विभागों ने जवाब प्रस्तुत नहीं किया है, वे अपने अधिवक्ता से सम्पर्क कर अविलम्ब जवाब प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें तथा सभी संबंधित विभाग नियमित रूप से पोर्टल पर सूचना अपडेट करावे।

बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद राजपाल यादव, सहायक निदेशक प्रशासनिक सुधार विभाग इंदिरा शर्मा, डीओआईटी संयुक्त निदेशक सत्यनारायण चौहान, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी जेपी यादव,जलदाय आरके राठी, जिला साक्षरता अधिकारी चन्द्रप्रकाश महर्षि, आरटीओ ताराचंद बंजारा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

सार-समाचार

## वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा की लॉटरी निकाली

**चूरू** (निसं)। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा की अध्यक्षता में गुरुवार को डीओआईटी वीसी सभागार में राज्य सरकार की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के क्रियान्वयन की कडी में जिला स्तरीय समिति द्वारा मुख्य प्रतिक्षारत एवं अतिरिक्त प्रतिक्षारत आवेदकों के चयन हेतु लॉटरी निकाली गई। इस दौरान पुलिस अधीक्षक जय यादव, सीईओ श्वेता कोचर, देवस्थान विभाग के निरीक्षक सुनीता मेहरा सहित अधिकारी मौजूद थे। डीओआईटी एसीपी नरेश टुहानिया ने प्रक्रिया की जानकारी व डेमो दिखाते हुए लॉटरी कार्य संपादित किया। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा व एसपी जय यादव ने चयनित होने वाले सभी लाभार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित की है। प्रभारी अधिकारी सीईओ श्वेता कोचर ने बताया कि योजना के अंतर्गत देवस्थान विभाग द्वारा निर्धारित कोटे के अनुसार जिले में कुल 1654 यात्री यात्रा करेंगे, इनमें से 1477 यात्री रेल से व 177 यात्री हवाई यात्रा करेंगे। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत जिले में कुल 2879 यात्रियों हेतु कुल 1825 आवेदन प्राप्त हुए थे। उन्होंने बताया कि चयनित लाभार्थियों की सूची विभाग की वेबसाइट पर देखी जा सकती है। देवस्थान विभाग की निरीक्षक सुनीता मेहरा ने बताया कि चूरू जिले के लिए यात्राएं 20 सितंबर से शुरू होंगी। पहली ट्रेन 20 सितंबर को बीकानेर से रामेष्वरम, मदुरई और दूसरी ट्रेन 30 सितंबर को बीकानेर से हरिद्वार-ऋषिकेश, अयोध्या, वाराणसी, सारनाथ के लिए वाया हनुमानगढ़-सूरतगढ़ होकर जायेगी। इस दौरान देवस्थान प्रोग्रामर राजेन्द्र प्रजापत, सहायक प्रोग्रामर प्रमोद प्रजापत, सहायक प्रशासनिक अधिकारी महेश कुमार शर्मा, पुजारी योगेन्द्र शर्मा, संदीप सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

## भैंरुजी महाराज का जागरण आज

**पाटन** (निसं)। गांव खोरा स्थित प्राचीन भैरुजी महाराज मंदिर में गुरुवार रात्रि को धार्मिक आस्था और भक्ति भाव से ओतप्रोत जागरण का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस दिव्य आयोजन की जानकारी पुजारी कजोड़ मल गुर्जर व रोहिताश खोरा ने दी। जागरण में प्रख्यात भजन कलाकार प्रह्लाद भडाना, विजय महासी, महेश लताका एवं छैला पपली लखेरा अपनी सुमधुर भजनों की प्रस्तुतियों से भक्तों को भक्ति रस में सराबोर करेंगे। यह आयोजन भक्तों के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर रहेगा।जागरण के पश्चात शुक्रवार प्रात: 8 बजे भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बडी संख्या में महिलाएं कलश लेकर नगर परिक्रमा करेंगी। यात्रा पूरे क्षेत्र में धर्म, संस्कृति और सौहार्द का संदेश फैलाएगी। नियत स्थान पर जाकर यात्रा का समापन होगा।कलश यात्रा के समापन के बाद भैरुजी महाराज की पूजा-अर्चना कर उन्हें भोग अर्पित किया जाएगा। तत्पश्चात दोपहर में महाभंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें भक्तगण पंगत प्रसादी का लाभ लेंगे।भंडारे के बाद दोपहर 3 बजे से कुश्ती दंगल की शुरुआत होगी। दंगल में विभिन्न क्षेत्रों से आए नामी पहलवान अपने-अपने दांव-पेंच से दर्शकों का रोमांच बढ़ाएंगे। विजेता पहलवानों को पुरस्कार और सम्मान प्रदान किया जाएगा।

## शहर में जगह-जगह गंदा पानी भरा, आमजन का हाल-बेहाल

**चूरू** (निसं)। जिला प्रशासन और नगर परिषद् प्रशासन की अनदेखी के कारण शहर में जगह-जगह गंदा पानी जमा पड़ा है। गौरतलब है कि बारिश के चार दिन बाद भी शहर में जमा बरसाती पानी के कारण आमजन का हाल-बेहाल है। इस जमा गंदे पानी से पैदल चलना तो दूर वाहन चलाना भी काफी मुश्किल है। शहर के नया बस स्टैंड, खेमका सती मंदिर वाली गली, नेचर पार्क के सामने, भरतिया अस्पताल के सामने, चांदनी चौक सहित जगह-जगह भरे गंदे पानी से लोगों का जीना दूभर हो रहा है। इस गंदे पानी से अनेक बीमारियां फैलने से शहरवासियों का बुरा हाल है। आपको बता दें कि खेमका शक्ति मंदिर स्थित गली में रोज नगर परिषद का टैंकर आता है और एक बार पानी निकाल कर जाता है, लेकिन इसका कोई स्थाई समाधान आज तक नहीं निकाला जा सका। लोगों का मानना है कि जिला मुख्यालय का ही यह हाल है तो अन्य स्थानों का क्या होगा। आपको बता दें कि इन मार्गों से आये दिन आला अधिकारियों का आवागमन होता है, फिर भी इनके कानों में जूं तक नहीं रेंगती।

## तहसीलदार हरदीप सिंह का स्वागत

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर कार्यालय में कार्यरत तहसीलदार हरदीप सिंह का स्वागत समारोह का आयोजन रखा गया जिसमें सरपंच देवीलाल मेघवाल, युवा विकास समिति के अध्यक्ष रतनलाल बारूपाल, राष्ट्रीय पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण मंच के जिला उपाध्यक्ष कालूराम तंवर, शंकर लाल धेतरवाल, पिंटू पंवार, वीरू नायक, नंदलाल लुहार, बजरंग भोपा आदि के नेतृत्व में उनका साफा, माला मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार हरदीप सिंह ने कहा राजलदेसर एवं आसपास के ग्रामीण इलाकों में अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति को सरकारी योजना का अधिक से अधिक लाभ पहुंचाने का पूरा प्रयास करूंगा । साथ ही तहसील में जनहित में मेरे लायक जो भी कार्य होगा हमेशा तैयार रहूंगा इस अवसर पर खनिज पर्यावरण प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष कालूराम तंवर ने अनुसूचित जनजाति के परिवार जनों को सरकारी सुविधाओं का लाभ देने की बात कही जिस पर उन्होंने कहा जो भी पात्र व्यक्ति है उनका मैं मौके पर जाकर सर्वे करुंगा एवं संबंधित अधिकारियों को अवगत करवाऊंगा।

## गणेश चतुर्थी पर श्रद्धा का सैलाब उमड़ा

**पाटन** (निसं)। गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर पाटन के सभी मंदिरों में आस्था और भक्ति का माहौल देखने को मिला। विशेष रूप से पाटन बस स्टैंड स्थित भगवान गजानंद मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही मंदिर प्रांगण में भक्तों की लंबी कतारें लगनी शुरू हो गई थीं, जो देर रात तक जारी रहीं। सैकडों श्रद्धालुओं ने भगवान गजानंद को लड्डुओं का भोग अर्पित कर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने की प्रार्थना की। भक्ति और श्रद्धा से ओतप्रोत माहौल में मंदिर गूंज उठा ''गणपति बप्पा मोरया'' के जयकारों से मंदिर के पुजारी पंडित काशीनाथ वशिष्ठ ने विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान गजानंद की आरती उतारी और उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया।

## निष्पादन समिति की बैठक आयोजित

**सीकर,** (निसं)। जिला कलेक्टर मुकुल शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निष्पादन समिति, मिड-डे मील, राष्ट्रीय पोषाहार सहायता कार्यक्रम योजना और पीएम श्री विद्यालयों की बैठक आयोजित हुई। बैठक में संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस दौरान विद्यालयों में विद्युत, पेयजल, शौचालय, चारदीवारी, जनआधार ऑथेंटिकेशन, वर्षा जल संरक्षण की विस्तार से समीक्षा की गई तथा शाला दर्पण रैंकिंग में कम रैंक वाले उपखंडों को रैंकिंग में सुधार करने के निर्देश दिए गए।

MANAPPURAM FINANCE LTD.

CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.09.2025 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

चूरू, चूरू राजस्थान, 135110700011521, 135110730029559, 9885, 135110780000075, सरदार शहर, 135720730027502, 7503, 7523, सुजानगढ, 135090700015074, 5539, 5607, 135090730057085, 7378, 7418, 8501, हनुमानगढ़, बाबा शाम सिंह कॉलोनी, 117270700061240, 117270730044795, 4914, 5066, 5106, 5231, 5237, 5242, 5275, 5321, 5528, 117270730051674, नोहर राजस्थान, 135640700028580, 9175, 9199, 9251, 9259, 135640730054891, पिलीबंगन, 135180700033941, 3965, 4022, 4030, 4046, 4062, 4092, 4128, 135180730030832, 0880, 0892, 0937, 0958, नागपुर , लाडनूं, 137990700002937, 3181, 137990730020894, 0929, 1323, मकराना, 138030730043286, 3287, विजय वल्लभ चौक नागौर, 138430700003117, 138430730011121, श्रीमाधोपुर राजस्थान, 135520730066877, 6933, 6961, 7035, 7037, 7047, सीकर, बजाज रोड सीकर, 111830700045870, 111830730089192, फतेहपुर राजस्थान, 135330700012545, 135330730036911, 6936,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 9911809139 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु,